आकाशवाणी मध्यप्रदेश
प्रादेशिक समाचार
दिनांक : 28.05.2026    समय : 07.10PM

मुख्य समाचार :–

- भगवान बुद्ध के परम शिष्यों के अस्थि कलश आज भोपाल से दिल्ली भेजे गए, सांची में दिया गया गार्ड ऑफ ऑनर।
- केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा–देश के हर राज्य का कशि रोड मैप बनेगा।
- देश के विभिन्न हिस्सों में आज ईद उल अजहा धार्मिक उत्साह और उमंग के साथ मनायी गई।
- प्रदेश में भीषण गर्मी जारी, आज 46 जिलों में हीटवेव का अलर्ट।

भगवान बुद्ध–शिष्यों अस्थि कलश

भगवान गौतम बुद्ध के परम शिष्यों अरिहंत सारिपुत्र और महामोद्ल्यायन के पवित्र अस्थि कलश आज विशेष विमान से दिल्ली भेजे गए। रायसेन जिला मुख्यालय स्थित विश्व धरोहर बौद्ध तीर्थ सांची में इन अस्थि कलश को सशस्त्र सुरक्षा बलों ने गार्ड ऑफ ऑनर दिया। पवित्र अवशेष प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विशेष पहल पर मंगोलिया भेजे जा रहे हैं। रायसेन जिले के कलेक्टर अरूण कुमार विश्वकर्मा ने बताया–

प्रधानमंत्री–सावरकर

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज वीर सावरकर को उनकी जयंती पर नमन किया। श्री मोदी ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि वीर सावरकर का साहस और देशभक्ति लोगों को सदा प्रेरित करती रहेगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि सामाजिक सुधारों पर वीर सावरकर का अत्यधिक जोर था और इस दिशा में उनका ज्ञान उल्लेखनीय है।

चौहान–खरीफ सम्मेलन

कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि भारत के मेहनती किसानों के अथक प्रयासों के कारण देश में पर्याप्त खाद्य भंडार मौजूद है। नई दिल्ली में खरीफ अभियान 2026 के लिए राष्ट्रीय कृषि सम्मेलन के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए श्री चौहान ने बताया कि इस वर्ष देश में अनुमानित खाद्यान्न उत्पादन 376 करोड टन से अधिक है, जो पिछले वर्ष की तुलना में 5 दशमलव 3 प्रतिशत अधिक है। उन्होंने कहा कि सरकार ने कृषि और किसान कल्याण पर विशेष जोर दिया है। केंद्रीय मंत्री श्री चौहान ने कहा–

अमित शाह - गुजरात

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने देश से हर अवैध अप्रवासी की पहचान करके उसे निर्वासित करने की सरकार की दृढ़ प्रतिबद्धता दोहराई है। आज गांधीनगर लोकसभा क्षेत्र में 340 करोड़ रुपये की विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करने के बाद एक जनसभा में उन्होंने यह बात कही। श्री शाह ने कहा कि सरकार सीमाओं की सुरक्षा और देश में अवैध अप्रवासन को समाप्त करने के लिए दृढ़ प्रतिज्ञ है। गृह मंत्री ने पश्चिम बंगाल सरकार को एक सप्ताह के भीतर सीमा सुरक्षा बल को 600 हेक्टेयर भूमि उपलब्ध कराने के लिए बधाई भी दी।

शायर डॉ. बशीर बद्रः निधन

मशहूर शायर डॉ. बशीर बद्र का आज भोपाल में निधन हो गया। उन्होंने 91 वर्ष की उम्र में अंतिम सांस ली। साहित्य के क्षेत्र में योगदान के लिए उन्हें पद्मश्री से सम्मानित किया गया था। हिन्दी फिल्मों के गीतकार और पटकथा लेखक जावेद अख्तर ने ट्वीट कर उन्हें श्रद्धांजलि दी है।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने 'पद्मश्री' से सम्मानित मशहूर शायर बशीर बद्र जी के निधन पर गहन दु:ख जताया और उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि डॉ. बद्र ने अपनी शायरी के माध्यम से मानवता के साथ जीने का संदेश दिया।

ईद–उल–अजहा

देश सहित प्रदेश के विभिन्न शहरों में ईद-उल-अजहा का पर्व अकीदत, भाईचारे और सौहार्द के वातावरण में मनायी गई। सुबह से ही लोगों ने विशेष नमाज अदा कर देश में अमन-चैन और तरक्की की दुआ मांगी। नमाज के बाद एक-दूसरे को गले लगाकर ईद की मुबारकबाद दी गई। मुख्यमंत्री डाॅ मोहन यादव ने प्रदेशवासियों को ईद की मुबारकबाद दी । देवास जिले में ईद का पर्व हर्षोल्लास, भाईचारे और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाया गया। धार नमाज अदा करने के बाद लोगों ने एक-दूसरे से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी।

सीबीएसई पुनर्मूल्यांकन

शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा है कि सीबीएसई की कक्षा 12वीं की परीक्षा मूल्यांकन प्रक्रिया में कुछ कमियां आने के बाद अब पुनर्मूल्यांकन प्रक्रिया शुरू की जाएगी। नई दिल्ली में संवाददाताओं से श्री प्रधान ने कहा कि अधिकारी यह सुनिश्चित करेंगे कि सभी विद्यार्थियों की शिकायत का समाधान किया जाए और सभी स्तरों पर जवाबदेही सुनिश्चित की जाए। श्री प्रधान ने बताया कि लगभग 4 करोड स्कैन किए गए पृष्ठों का मूल्यांकन पहली बार सी बी एस ई द्वारा ओएसएम प्रक्रिया के माध्यम से किया गया है

केंद्र एनटीए पुनर्निर्धारित तिथि

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी – एन टी ए ने संयुक्त विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा – सी यू ई टी – यूजी 2026 परीक्षा की संशोधित तिथियां और प्रवेश पत्र जारी कर दिए हैं। एनटीए के अनुसार परीक्षाएं अब 31 मई, 6 और 7 जून को आयोजित की जाएंगी। आज होने वाली परीक्षा ईद–उल–अजहा के कारण पुनर्निर्धारित की गई थी। एनटीए ने बताया कि रविवार को परीक्षा देने वाले उम्मीदवारों के प्रवेश पत्र जारी कर दिए गए हैं और इन्हें एनटीए की आधिकारिक वेबसाइट cuet-nta-nic-in से डाउनलोड किया जा सकता है। 6 और 7 जून को परीक्षा देने वाले शेष उम्मीदवारों के प्रवेश पत्र जल्द ही जारी किए जाएंगे।

मौसम

प्रदेश में नौतपा के दौरान भीषण गर्मी के साथ आंधी और बारिश का मिला–जुला असर देखने को मिल रहा है। पिछले तीन दिनों से कई जिलों में बारिश दर्ज की गई, इसके बावजूद लू और तेज गर्मी का असर कम नहीं हुआ है। मौसम वैज्ञानी अरूण शर्मा ने बताया है कि–

एशिया कप हॉकी – अंडर–18

भारतीय टीम कल से 6 जून तक जापान के काकामिघारा में शुरू होने वाले अंडर–18 एशिया कप हॉकी 2026 में खेलने के लिए पूरी तरह तैयार है। पुरुषों के वर्ग में भारत को पूल ए में रखा गया है, पूल ए

में मेजबान जापान, कोरिया, चीनी ताइपे और कजाकिस्तान की टीमें शामिल हैं। भारत 29 मई को कजाकिस्तान के खिलाफ अपना पहला मैच खेलेगा। इसके बाद 31 मई को जापान, पहली जून को कोरिया और 3 जून को चीनी ताइपे के खिलाफ मैच होंगे।

समाचार संक्षेप में :–

- भोपाल की ट्विशा शर्मा मौत मामले में मध्य प्रदेश हाईकोर्ट द्वारा रिटायर्ड जज गिरिबाला सिंह की अग्रिम जमानत रद्द किये जाने के बाद सीबीआई ने उन्हें आज गिरफ्तार कर लिया है।
- राजगढ में श्रमिकों के लिए स्वास्थ्य परीक्षण शिविर के दौरान 109 श्रमिकों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।
- प्रदेश शासन द्वारा बच्चों की रचनात्मक प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से "समर कैंप 2026" का आयोजन किया जा रहा है।
- शहडोल जिले में मध्यप्रदेश को शत प्रतिशत साक्षर बनाने के लिए उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम चलाया जा रहा है।
- छिंदवाड़ा सहित प्रदेश भर में शिक्षा विभाग ने नए शैक्षणिक सत्र की तैयारियां तेज कर दी हैं। एक जून से सभी शिक्षकों को स्कूल पहुंचना होगा।
- कटनी द्वारा नगर वासियों को नियमित एवं सुचारू पेयजल आपूर्ति उपलब्ध कराने के लिए सतत प्रयास किए जा रहे हैं।